हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

प्रेस नोट

दिनांक-10.10.2022

प्रबंधन के क्षेत्रों में होगा अनुसंधान, शैक्षणिक कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा

केंद्रीय विवि के प्रबंधन स्कूल- महाराजा अग्रसेन विवि बद्दी के बीच समझौता ज्ञापन

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल और महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी, सोलन के बीच प्रबंधन के व्यापक क्षेत्रों अनुसंधान और शैक्षणिक कार्यक्रम आरंभ करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी की मौजूदगी में दोनों संस्थानों के आला अधिकारियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विवि की ओर से कुलसचिव प्रो. विशाल सूद और महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी की ओर से कुलपति प्रो. आरके गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल और अग्रसेन विवि के कुलपति प्रो. आरके गुप्ता ने इस समझौता ज्ञापन को लेकर हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के लिए काफी फायेदमंद साबित होगा।

गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के द्वारा अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के संदर्भ में उद्योग और विश्वविद्यालयों के बीच घनिष्ठ संबंध की आवश्यकता महसूस करते हुए यह समझौता ज्ञापन व्यापार और प्रबंधन के व्यापक क्षेत्रों में दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने के लिए किया गया है। इस समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्थान ज्ञान आधारित उद्यमों को आगे बढ़ाने, भविष्य के प्रौद्योगिकी विकास के लिए उपयुक्त तकनीकी और प्रबंधन कौशल, सूचनाओं के आदान-प्रदान और मानव संसाधन विकास एवं अनुसंधान के लिए अकादमिक भागीदारी की दिशा में काम करने के लिए सहमत हुए हैं।

उक्त समझौता ज्ञापन के अनुसार अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के संचालन के लिए दोनों संस्थानों के बीच बुनियादी सुविधाओं की पारस्परिक रूप से साझेदारी होगी। दोनों संस्थानों के पारस्परिक लाभ के लिए हिप्रकेवि के प्रबंधन स्कूल के और महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी के संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान होगा। महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय औपचारिक शैक्षणिक पाठ्यक्रम, संगोष्ठियों, अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों आदि के आयोजन के माध्यम से प्रबंधन विज्ञान के पारस्परिक रूप से पहचाने गए क्षेत्रों में उचित रूप से प्रशिक्षित जनशक्ति पैदा करने के लिए मिलकर काम करेंगे । विवि के संकाय और पीएचडी छात्रों को पुस्तकालय और अनुसंधान सुविधाओं तक

पहुंच प्रदान करेगा। महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय बद्दी और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय आपसी परामर्श के माध्यम से, एक सहयोगी अनुसंधान डिग्री (पीएचडी) कार्यक्रम विकसित करेंगे। यह समझौता ज्ञापन इसके हस्ताक्षर की तारीख से अगले 05 वर्ष पूरे होने तक लागू रहेगा। इस मौके पर बिजनेस स्कूल के अधिष्ठाता प्रो. मोहिंदर सिंह और सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

पूजा भारती

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला